प्रेस नोट

दिनांक 21.02.2025

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना राठ क्षेत्र अंतर्गत स्थित चौपड़ा मंदिर राठ एवं सालेश्वर महादेव मंदिर सरीला का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 21.02.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत थाना राठ क्षेत्र अंतर्गत स्थित चौपड़ा मंदिर राठ एवं सालेश्वर महादेव मंदिर सरीला का भ्रमण कर मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई। एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना राठ व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण मौजूद रहे।